**हिंदी विभाग - प्रथम बैठक**

दिनांक - 28 जुलाई, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

समय - 30 मिनट

**प्रथम बैठक की कार्यसूची -:**

- अध्यापन हेतु विषय निर्धारण
- समय -सारिणी के विषय में चर्चा
- कैंपस विज सॉफ्टवेयर में छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष चर्चा

28 जुलाई, 2023 को सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग में विभागीय बैठक की गई। इस बैठक में डॉ. देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच अध्यापन हेतु विषयों के निर्धारण तथा समय - सारिणी को लेकर चर्चा की गई । इसके अतिरिक्त कैंपस विज सॉफ्टवेयर में छात्राओं की उपस्थिति दर्ज करने सम्बन्धी विषय पर भी चर्चा की गई।

**प्रथम बैठक के कार्यवृत -**

1.डॉ देविना अक्षयवर बी. कॉम प्रथम वर्ष ,बी. कॉम द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को पढ़ाएंगी ।

2.सुश्री अंजना देवी बी. ए. प्रथम , बी. ए. द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को पढ़ाएंगी ।

3.छात्राओं की उपस्थिति कैंपस विज सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी ।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

**हिंदी विभाग - द्वितीय बैठक**

दिनांक - 5 सितम्बर 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**द्वितीय बैठक की कार्यसूची -:**

- हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस के अवसर पर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए गतिविधियों का आयोजन
- हिंदी भाषा में पोस्टर निर्माण पर चर्चा
- हिंदी कथा लेखन और पर्यावरण संरक्षण : विचार एवं प्रक्रिया पर व्याख्यान के आयोजन पर चर्चा।
- अंतर्यान तथा अंतरविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा
- सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय पर पावर पॉइंट प्रस्तुति पर चर्चा
- RRR फिल्म के 'शोले' गीत पर नृत्य प्रस्तुति के आयोजन पर चर्चा
- भाषण प्रस्तुति पर चर्चा

हिंदी विभाग की द्वितीय बैठक 5 सितम्बर 2023 को हुई, जिसके दौरान हिंदी सप्ताह एवं 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार- विमर्श हुआ। हिंदी सप्ताह (8 - 13) के बीच हिंदी भाषा में पोस्टर निर्माण, तथा प्रसिद्ध हिंदी कथाकार एवं हिमालय साहित्य एवं पर्यावरण मंच के अध्यक्ष श्री एस. आर. हरनोट द्वारा हिंदी विभाग की छात्राओं को व्याख्यान के माध्यम से हिंदी कथा लेखन और संरक्षण : विचार एवं प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु आमंत्रित करने पर पर योजना बनाई गई । इसके अतिरिक्त हिंदी सप्ताह के उपलक्ष में अंतर्यान तथा अंतरविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने पर भी चर्चा की गई । दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा हिंदी सेवी पर पावर पॉइंट प्रस्तुति पर भी चर्चा की गई , इसके साथ ही चर्चित फिल्म RRR के शोले गीत पर नृत्य



Scanned with OKEN Scanner

प्रस्तुति की योजना भी बनाई गई । बी. ए. बी. कॉम तथा डी. एल. एड. विभाग की छात्राओं को भाषण के लिए चयनित करने पर विचार किया गया साथ ही कार्यक्रम के प्रचार- प्रसार के लिए फेसबुक पेज के निर्माण पर भी विचार किया गया। इन समस्त गतिविधियों के आयोजन के लिए प्राचार्या से अनुमति ली गई।

**द्वितीय बैठक के कार्यवृत -**

1. बी. ए. प्रथम वर्ष बी. कॉम तथा डी. एल. एड. विभाग की छात्राओं द्वारा भाषण प्रस्तुत किए जाएंगे ।

2. बी. ए./बी. कॉम प्रथम द्वितीय तथा बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा हिंदी भाषा में पोस्टर बनाए जाएंगे ।

3. बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा अज्ञेय के जीवन पर पी. पी. टी. प्रस्तुत की जाएगी।

4.हिंदी दिवस के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार व्हाट्सअप ,ईमेल तथा फेसबुक जैसे डिजिटल माध्यमों द्वारा किया जाएगा।

5. प्रसिद्ध हिंदी कथाकार एवं हिमालय साहित्य एवं पर्यावरण मंच के अध्यक्ष श्री एस. आर. हरनोट द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा।

6.अंतर्यान तथा अंतरविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी ।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - तृतीय बैठक

दिनांक - 16 सितम्बर, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

समय - 30 मिनट

**तृतीय बैठक की कार्यसूची -:**

- हिंदी दिवस के कार्यक्रम की प्रेस रिपोर्ट तैयार करना ।
- महाविद्यालय तथा वेबसाइट के लिए फोटो सहित रिपोर्ट तैयार करना।
- सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं की सूची तैयार करना।

हिंदी विभाग की तृतीय बैठक 16 सितम्बर 2023 को हुई, जिसमें हिंदी दिवस के सफल आयोजन की रिपोर्ट को विभिन्न हिंदी तथा अंग्रेजी अख़बारों में भेजने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही सेंट बीड्स महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी फोटो सहित रिपोर्ट भेजने हेतु विचार किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं एवं विजेता छात्राओं की सूची तैयार करने की योजना बनाई गई ताकि महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव के दिन सभी छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएँ।

**तृतीय बैठक के कार्यवृत -**

1.सुश्री अंजना देवी ने हिंदी दिवस पर रिपोर्ट तैयार की।

2.डॉ. देविना अक्षयवर द्वारा रिपोर्ट को महाविद्यालय की वेबसाइट पर फोटो सहित भेजा गया।

3.सुश्री अंजना देवी द्वारा प्रतिभागियों एवं विजेताओं की सूची तैयार की गई।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - चतुर्थ बैठक

दिनांक - 6 अक्तूबर, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

समय - 30 मिनट

**चतुर्थ बैठक की कार्यसूची -:**

- हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र 'सृजन' के सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका के चयन को लेकर चर्चा।
- महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग की सम्पादिका और सह सम्पादिका को चयनित करने के लिए मानदंड तैयार करना।
- सूचना पत्र 'सृजन' और महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग में छपने वाले विषयों के निर्धारण को लेकर चर्चा।

6 अक्तूबर 2023 को सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग में विभागीय बैठक की गई। इस बैठक में महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'इकोज' तथा महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित होने वाले सूचना पत्र 'सृजन' की सम्पादिका तथा सह -सम्पादिका के चयन को लेकर चर्चा की गई तथा छात्राओं के चयन के लिए विभिन्न मानदंडों पर विचार किया गया। जिसमें हिंदी व्याकरण में शब्द ज्ञान , शब्द शुद्धि , वाक्य शुद्धि से संबंधित विषयों में लिखित परीक्षा लेने पर विचार किया गया । परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका के रूप में चयनित करने पर चर्चा की गई ।इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की पत्रिका और हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र में छपने वाले विषयों के निर्धारण को लेकर चर्चा की गई।

**चतुर्थ बैठक के कार्यवृत -**

1. हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. देविना अक्षयवर तथा प्राध्यापिका सुश्री अंजना देवी द्वारा सम्पादिका तथा सह सम्पादिका के चयन हेतु व्याकरण से सम्बंधित प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

2.महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज 'तथा हिंदी विभाग के सूचना पत्र 'सृजन' में छपने वाले विषयों का निर्धारण किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

**हिंदी विभाग - पांचवीं बैठक**

दिनांक - 28 अक्तूबर, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

सुश्री मिनाक्षी शर्मा

सुश्री आकृति भारद्धाज

समय - 40 मिनट

**पांचवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- सम्पादिका तथा सह सम्पादिका के साथ हिंदी अनुभाग में छपने वाले विषयों पर चर्चा।
- सम्पादिका तथा सह सम्पादिका को वार्षिक पत्रिका 'इकोज' तथा सूचना पत्र 'सृजन' से सम्बंधित आवश्यक निर्देश
- छात्राओं को कहानी, कविता, यात्रा - वृत्तांत, फिल्म समीक्षा, लोककथा, लोकगाथा और प्रेरणादायक निजी अनुभवों पर लिखने के लिए प्रेरित करना ।

हिंदी विभाग में 28 अक्तूबर 2023 को विभागीय बैठक हुई ,जिसमें दोनों प्राध्यापिकाओं ने सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका के साथ महाविद्यालय की पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग तथा हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र 'सृजन' में छपने वाले विषयों के चयन को लेकर विचार - विमर्श किया और साथ ही पत्रिका से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए । प्राध्यापिकाओं द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं, सम्पादिका तथा सह सम्पादिका को 'हिंदी अनुभाग' के लिए कहानी, कविता, यात्रा - वृत्तांत, फिल्म समीक्षा, लोककथा, लोकगाथा और प्रेरणादायक निजी अनुभवों को लिखने हेतु प्रेरित किया गया । इसके अतिरिक्त प्राध्यापिकाओं ने सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका को मेहनत, लगन व सही समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।



Scanned with OKEN Scanner

**पांचवीं बैठक की कार्यवृत -**

1.डॉ. देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी द्वारा'इकोज' पत्रिका तथा सूचना पत्र 'सृजन' में छपने हेतु महत्वपूर्ण विषयों का चयन किया गया।

2.छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों में कहानी, कविता, यात्रा - वृतांत, फिल्म समीक्षा, लोककथा, लोकगाथा , लेख -आलेख इत्यादि प्रस्तुत किए गए।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - छठी बैठक

दिनांक - 7 नवंबर, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

समय - 20 मिनट

**छठी बैठक की कार्यसूची -:**

- कार्यभार कार्य पर चर्चा
- एम एस टीम्स पर पाठ्य सामग्री अपलोड करने पर चर्चा

हिंदी विभाग की छठी बैठक 7 नवंबर 2023 को हुई ,जिसमें दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच छात्राओं को कार्यभार कार्य देने पर चर्चा की गई और तय किया गया कि प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को पाठ्यक्रम के आधार पर किसी एक विषय पर कार्यभार कार्य दिया जाएगा जिससे छात्राएं विषय को अधिक गहराई से समझ सकेंगी । इसके अतिरिक्त दोनों प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं को अध्ययन की सुविधा के लिए महाविद्यालय के सॉफ्टवेयर एम. एस. टीम्स पर पाठ्य सामग्री अपलोड करने पर भी चर्चा की गई।

**छठी बैठक के कार्यवृत -**

1.डॉ. देविना बी. कॉम प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं को कार्यभार कार्य दिया जाएगा ।

3. सुश्री अंजना देवी द्वारा बी. ए. प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं को कार्यभार कार्य दिया जाएगा

5. प्राध्यापिकाओं द्वारा एम एस टीम्स पर पाठ्य सामग्री को अपलोड किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - सातवीं बैठक

दिनांक - 12 फरवरी, 2024

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**सातवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर गतिविधि का आयोजन
- हिमाचल प्रदेश की विभिन्न बोलियों में मौलिक कविताएँ प्रस्तुत करने पर विशेष चर्चा।

हिंदी विभाग की सातवीं बैठक 12 फरवरी 2023 को हुई ,इस बैठक में दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विशेष चर्चा की गई जिसमें भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए 'मेरी मातृभाषा मेरी पहचान' विषय पर हिमाचल प्रदेश की विभिन्न बोलियों में बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने पर विचार किया गया । दोनों प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं को हिमाचली बोलियों में लेखन कार्य हेतु प्रोत्साहन देने पर चर्चा की गई।

**सातवीं बैठक के कार्यवृत -**

1.इस प्रतियोगिता के नियमों की सूचना छात्राओं को पोस्टर के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

2.बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा विभिन्न हिमाचली बोलियों में कविताएँ प्रस्तुत की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - आठवीं बैठक

दिनांक - 28 फरवरी, 2024

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

सुश्री चारु मुखर्जी

समय -

30 मिनट

**आठवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गतिविधि का आयोजन।
- हिंदी विभाग के साथ डिबेट्स और ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता पर विशेष चर्चा।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता से नुक्कड़ नाटक पर चर्चा।

सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग में 28 फरवरी, 2024 को विभागीय बैठक की गई। बैठक में तीनों प्राध्यापिकाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा की गई । इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी के सहयोग से मॉल रोड शिमला ऐम्फी थियेटर में नुक्कड़ नाटक आयोजित करने पर चर्चा की गई । इसके अतिरिक्त हिंदी विभाग की बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी की छात्राओं द्वारा समाज को जागरूक करवाने और पोस्टर बनवाने पर भी चर्चा की गई ।

**आठवीं बैठक के कार्यवृत -**

1. हिंदी विभाग तथा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी की सहभागिता में ऐम्फी थियेटर में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।

2. महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण तथा नारा लेखन का कार्य किया गया।

Scanned with OKEN Scanner